# अध्याय - 3 | नात्सीवाद और हिटलर का उदय

## QUIZ-01

1. हिटलर कब जर्मनी का चांसलर बना?
A. 1928
B. 1933
C. 1939
D. 1945 (B)
*व्याख्या :* 30 जनवरी 1933 को हिटलर को चांसलर नियुक्त किया गया था।

2. 1933 का इनेबलिंग एक्ट जर्मनी में क्या स्थापित करता था?
A. नया संविधान
B. तानाशाही
C. लोकतंत्र
D. प्रथम विश्व युद्ध का अंत (B)
*व्याख्या :* इनेबलिंग एक्ट ने हिटलर को संसद के बिना शासन करने का अधिकार दिया, जिससे तानाशाही स्थापित हुई।

3. नाजी विचारधारा में 'आर्यन' जाति के बारे में क्या विश्वास था?
A. यह हीन जाति थी
B. यह सबसे श्रेष्ठ और शक्तिशाली जाति थी
C. इसे सभी जातियों से मिलना चाहिए था
D. इसे जर्मनी छोड़ देना चाहिए था (B)
*व्याख्या :* नाजियों का विश्वास था कि नॉर्डिक जर्मन आर्यन जाति श्रेष्ठ थी और अन्य जातियों पर शासन करना चाहिए।

4. 1935 के न्यूरेम्बर्ग कानूनों का उद्देश्य क्या था?
A. यहूदियों को मतदान का अधिकार देना
B. लोकतंत्र को बढ़ावा देना
C. यहूदियों को जर्मन नागरिकता से वंचित करना
D. अंतर्राष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना (C)
*व्याख्या :* न्यूरेम्बर्ग कानूनों ने यहूदियों को नागरिकता से बाहर कर दिया और जर्मनों और यहूदियों के बीच विवाह पर रोक लगाई।

5. नाजी विचारधारा में 'लेबेन्स्राम' का क्या अर्थ है?
A. जर्मनों के लिए रहने की जगह
B. शांति संधि
C. नस्लीय समानता
D. कृषि सुधार (A)
*व्याख्या :* लेबेन्स्राम' का अर्थ था जर्मन लोगों के लिए नए क्षेत्र जीतना और वहां बसाना।

6. 1929 के बाद जर्मनी को कौन सा आर्थिक संकट झेलना पड़ा?
A. अत्यधिक मुद्रास्फीति (हाइपरइन्फ्लेशन)
B. महामंदी (ग्रेट डिप्रेशन
C. वॉल स्ट्रीट बूम
D. शीत युद्ध (B)
*व्याख्या :* महामंदी ने बेरोजगारी और गरीबी को जन्म दिया और जर्मनी की स्थिति को खराब किया।

7. 'टूटी कांच की रात' किस घटना को कहा जाता है?
A. राइरवस्टाग पर हमला
B. यहूदियों का नरसंहार
C. 1938 में यहूदी संपत्तियों का विध्वंस
D. हिटलर की गिरफ्तारी (C)
*व्याख्या :* नवंबर 1938 में, यहूदी दुकानों और आराधनालयों को नष्ट कर दिया गया, जिसे 'क्रिस्टलनाख्ट' कहा गया।

8. सितंबर 1941 से यहूदियों को कौन सा प्रतीक पहनना पड़ा?
A. लाल क्रॉस
B. पीला डेविड स्टार
C. काला वृत्त
D. नीला वर्ग (B)
*व्याख्या :* यहूदियों को अपनी पहचान के लिए पीला डेविड स्टार पहनने के लिए मजबूर किया गया था।

9. यहूदियों के सामूहिक वध के लिए नाजियों ने किस शब्द का प्रयोग किया?
A. फाइनल सॉल्यूशन
B. न्यू ऑर्डर
C. आर्यन क्रांति
D. लेबेनसराम (A)
*व्याख्या :* 'फाइनल सॉल्यूशन' शब्द का उपयोग यहूदियों के नियोजित विनाश के लिए किया गया था।

10. 'डावेस योजना' का उद्देश्य जर्मनी के लिए क्या था?
A. सैन्य शक्ति बढ़ाना
B. पुनर्भुगतान में मदद करना और अर्थव्यवस्था को स्थिर करना
C. जर्मन उपनिवेशों का विस्तार करना
D. हिटलर को सत्ता से हटाना (B)
*व्याख्या :* डावेस योजना ने जर्मनी की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया और 1923 के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को बहाल किया।

मिशन ज्ञान पढ़ें मन चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES